**फा. सं. एबी-11020/1/2024-सामान्य_समन्वय.; ई-27399**

**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

*********

**नवंबर, 2024 माह के दौरान हुई महत्वपूर्ण प्रगति और विभाग की प्रमुख उपलब्धियों का सारांश।**

**I.** पशुपालन और डेयरी विभाग 103वीं जयंती के वर्गीज कुरियन की .ने डॉ (डीएएचडी) को नई दिल्ली में 26.11.2024 उपलक्ष्य में दिनांक**राष्ट्रीय दुग्ध दिवस 2024** मनाया। माननीय केंद्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और माननीय राज्य मंत्री प्रो . एसपी सिंह बघेल तथा श्री जॉर्ज कुरियन ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अर्थव्यवस्था तथा किसानों के जीवन में डेयरी के योगदान पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र के विजेताओं के लिए विशेष पुरस्कार भी शामिल थे।

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा दिनांक को गुजरात के 19.11.2024 साबरकांठा जिले के हिम्मत नगर से अमूल स्वच्छ ईंधन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अमूल स्वच्छ ईंधन रैली में मोटर वाहनों के लिए बायो सीएनजी के उपयोग में इसकी उपलब्धियों और क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुये डेयरी की परिवर्तनकारी भूमिका का जश्न मनाया गया। अमूल स्वच्छ ईंधन रैली ने सामूहिक रूप से 5, 000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की, जो गुजरात के हिम्मत नगर से कोलकाता, पुणे और जम्मू तक यात्रा करते हुए राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाने के लिए दिल्ली पहुंची। सचिव, डीएएचडी ने नई दिल्ली के धौला कुआं में रैली को हरी झंडी दिखाई और माननीय राज्य मंत्री प्रोएसपी सिंह बघेल ने मानेकशॉ सेंटर ., नई दिल्ली में अमूल स्वच्छ ईंधन रैली की अगवानी की। इस रैली में अमूल के विभिन्न सदस्य संघों और भारत भर में जीसीएमएमएफ के से अधिक प्रतिभागी शामिल थे 77 से अधिक शाखा कार्यालयों के 25, जो **राष्ट्रीय दुग्ध दिवस** मनाने के लिए दिल्ली आए थे। रैली ने भारत के डेयरी क्षेत्र की गत्यात्मक भावना को प्रदर्शित किया और इसकी उपलब्धियों का जश्न मनाया, जिसमें किसानों और पशु चिकित्सा सहायता प्रणालियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।

समारोह के दौरान, माननीय केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन किया गया:

- **सुरभि चयन शृंखला:के लिए मैनुअल (एचजीएम पशु चयन कार्यक्रम)** यह मैनुअल उत्कृष्ट पशुओं की पहचान और चयन के लिए एक व्यापक मार्गदर्शन प्रदान करता है, जिससे एक बेहतर दुधारू झुंड के विकास में मदद मिलती है और धारणीय पशुधन प्रबंधन में सहायता मिलती है।
- **कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं:** यह दस्तावेज़ कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं की दक्षता और सफलता दर को बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और प्रोटोकॉल को रेखांकित करता है, जिससे पशुधन के आनुवंशिक सुधार में योगदान मिलता है।
- **मूलभूत पशुपालन सांख्यिकी:2024 -** प्रमुख पशुधन उत्पादों के आंकड़ों संबंधी (एमएलपी) वार्षिक उत्पादन वृद्धि दर :जानकारी जैसे, प्रति व्यक्ति उपलब्धता, प्रति पशु औसत उत्पादकता, राज्यवार और प्रजातिवार हिस्सेदारी आदि।

II. माह के दौरान, डीएएचडी ने केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान )CIRG) के सहयोग से पहली बार दिनांक 18.11.2024 को मथुरा में बकरी सम्मेलन )Goat Conclaveका आयोजन ( किया। कार्यक्रम में3000 किसानों, छात्रों, पशु सखियों और उनके साथसाथ अन्य श्रेणी - के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके बाद दिनांक19.11.2024 को सचिव की अध्यक्षता में आगरा में हितधारक परामर्श सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बकरी पालन की संभावना, चुनौतियों और भविष्य की राह पर विचारविमर्श किया गया-, जिससे लगभग 26 करोड़ गरीब किसानों को उद्यमिता के नए मॉडल विकसित करने में मदद मिलेगी।

III. राष्ट्रीय गोकुल मिशन और राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम पर सचिव, व्यय विभाग की अध्यक्षता में दो ईएफसी )EFC) आयोजित किए गए। कैबिनेट नोट इस माह में परिचालित कर दिए जाएंगे।

IV. **<u>टीकाकरण कार्यक्रम- मुख्य उपलब्धियां</u>**

i. **<u>एफएमडी टीकाकरण</u>**

चौथे चरण में अब तक 23.61 करोड़ एफएमडी टीकाकरण किए जा चुके हैं। 25 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में टीकाकरण पूरा हो चुका है और 11 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जारी है।

पांचवें चरण में अब तक 8.98 करोड़ एफएमडी टीकाकरण किए जा चुके हैं। 6 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में टीकाकरण पूरा हो चुका है और 10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में जारी है।

कर्नाटक में एफएमडी टीकाकरण का छठा चरण शुरू किया गया और अब तक 1.47 करोड़ (हरियाणा सहित) टीकाकरण किया जा चुका है।

कुल मिलाकर नवंबर, 2024 माह के दौरान, लगभग 6.01 करोड़ एफएमडी टीकाकरण किए गए हैं।

**ii. <u>ब्रूसेलोसिस टीकाकरण</u>**

माह के दौरान 12 लाख ब्रूसेलोसिस टीकाकरण किए गए हैं (संचयी 4.36 करोड़)

iii. **<u>पेस्टेटीकाकरण (पीपीआर) डेस पेटिट्स रूमिनेंट्स-</u>**

माह के दौरान 1.17 करोड़ पीपीआर टीकाकरण किए गए हैं। (संचयी 17.44 करोड़)

iv. **<u>सीएसएफ (क्लासिकल स्वाइन ज्वर) टीकाकरण</u>**

माह के दौरान, कुल 1.36 लाख सीएसएफ टीकाकरण किए गए हैं। (संचयी 61.27 लाख)

v. **लम्पी त्वचा रोग (एलएसडी) के लिए टीकाकरण**

वर्ष 2024 के दौरान, एलएसडी के बहुत कम मामले सामने आए हैं। वर्तमान में दो राज्यों (मध्य प्रदेश-2 मामले, केरल-21 मामले) में लंपी त्वचा रोग के सक्रिय मामले हैं। वर्ष 2024 के दौरान कुल 7,98,58,586 पशुओं का टीकाकरण किया गया है और अभी भी जारी है।

**V. <u>मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई (एमवीयू)</u>**

दिनांक 30 नवंबर तक कुल मिलाकर, 28 राज्यों में 4016 एमवीयू काम कर रही हैं जो अंतिम छोर तक पशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कर रही हैं। माह के दौरान, 3,67,101 किसान लाभान्वित हुए और 9 राज्यों में 6,71,438 पशुओं का उपचार किया गया।

**VI. चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान (सीएसएनआईएएच) से संबंधित कार्यकलापकार्य/:**

एलएचडीसीपी के तहत पीपीआर टीकों के 03 बैचों का गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण पूरा किया गया।

## VII. व्यय

नवंबर, 2024 माह में कुल मिलाकर 126.05 करोड़ रु. का व्यय हुआ। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 891.90 करोड़ रु. (आरई का 21.32%) की तुलना में कुल मिलाकर 1877.90 करोड़ रु. (आरई का 46.78%) का व्यय हुआ।

*******